झारखण्ड सरकार

कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

E-mail: dfo-bokaro@gov.in, bokarodfo@gmail.com Phone/Fax No: +91-6542-265142

पत्रांक :– 2176 दिनांक :– 10/07/2019

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
कोटरे बंसतपुर पचमो खुली खदान परियोजना,
बोकारो।

विषय :– कोटरे बंसतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्र संख्या– जी0एम0 (के0बी0पी0) / पी0 / 216, दिनांक 26.06.2019।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स कोटरे बंसतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव में निम्नलिखित अभिलेख उपलब्ध नहीं है :–

1. Authenticated Land Schedule में काफी Over writing है एवं Forest land shedule स्पष्ट नहीं है। कृपया स्पष्ट प्रति समर्पित किया जाय।
2. टोपोसीट मूल प्रति में संलग्न नहीं है।
3. वनभूमि प्रस्ताव का KML File की CD संलग्न नहीं है।
4. उपायुक्त, बोकारो द्वारा निर्गत FRA/NOC संलग्न नहीं है।
5. Approved mining plan संलग्न नहीं है।
6. Tree Enumeration list संलग्न नहीं है।
7. मेसर्स कोटरे बंसतपुर पचमो खुली खदान परियोजना हेतु 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के विरूद्ध दो गुणा यानि 745.96 हे0 क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रस्ताव आपके द्वारा नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बोकारो वन प्रमण्डल के अंतर्गत किसी भी प्रक्षेत्र में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु इतनी वनभूमि उपलब्ध नहीं है।

अतः किसी अन्य प्रमण्डल से क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 745.96 हे0 अवकृष्ट वन का प्रस्ताव संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के उपयुक्तता प्रमाण–पत्र, क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन, नक्शा एवं KML File संलग्न किया जाना आवश्यक है।

अनुरोध है कि कंडिका 01 से 07 तक अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस प्रमण्डल में उपलब्ध करवाने की कृपा की जाय ताकि इस पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन,

10/07/19

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

10/7/19

E:\Office\D.F.O.Office Bokaro\Word File\Letter.doc